website : www.grpgcrampur.com
E-mail : grpg.rmp@gmail.com

# न्यूज़ बुलेटिन

सत्र 2021–22 | अंक : 2 | 01 जनवरी – 30 जून 2021

## राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर, उ०प्र०

स्थापना वर्ष :1949
(सम्बद्ध : महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली, उ.प्र.)
राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक) द्वारा (तृतीय चक्र) 'बी' ग्रेड प्रदत्त

### प्राचार्य की कलम से...



अत्यंत हर्ष का विषय है कि राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उ०प्र० अपना न्यूज बुलेटिन का नवीन अंक (एक जनवरी 2021 से 30 जून 2021) प्रकाशित कर रहा है। महाविद्यालय का प्रयास रहा है कि प्रतिभावान युवा वर्ग आगे आयें और अपने सृजनात्मक विचारों और लेख से समाज को दिशा दें।

मेरे प्रिय छात्र/छात्राओं आप ऐसी ही युवा पीढ़ी के प्रतिनिधि है, उसका भविष्य हैं आप अपनी क्षमता, योग्यता और प्रतिभा को पहचानें। अपने स्वप्नों, संकल्पों को साकार करने का यथासम्भव प्रयास करें तथा कुछ ऐसा अर्जित करने का सतत् प्रयास करते रहें जिससे आपका, परिवार का, समाज का,देश का नाम रोशन हो सकें। आपके सभी सपने साकार रूप ले सके तथा आपका भविष्य उज्ज्वल हो, यह मेरी आप सबके लिये हार्दिक शुभकामनाएँ हैं।

महाविद्यालय न्यूज बुलेटिन के मुख्य सम्पादक डा० अब्दुल लतीफ एवं सम्पादक मण्डल के समस्त सहयोगियों के प्रति मेरा साधुवाद, जिनके अथक परिश्रम से ये न्यूज बुलेटिन साकार रूप ले पाने में सफल हो सका है।

**प्रो० (डा०) पी० के० वार्ष्णेय**
**प्राचार्य**

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस (दिनांक 25 जनवरी 2021)

दिनांक 25 जनवरी 2021 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा० पी. के. वार्ष्णेय ने महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं समस्त छात्र/छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलाई।जिला प्रशासन द्वारा महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के को–कोडिनेटर डॉ. राम कुमार को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु वाद–विवाद, निबन्ध लेखन, पेंटिग एवं स्लोगन तथा प्रेरणात्मक गीत आदि उत्कृष्ट कार्य आयोजित किये गये।

### गणतंत्र दिवस समारोह (26 जनवरी 2021)

दिनांक 26 जनवरी 2021 को राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में 73वाँ गणतंत्र दिवस समारोह पूरे हर्ष उल्लास से मनाया गया। प्रातः 10 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो०(डा०) पी. के. वार्ष्णेय ने ध्वजारोहण किया। तत्पाश्चात् राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। गणतंत्र दिवस के इस शुभअवसर पर समारोहक द्वारा माननीय उच्च शिक्षा निदेशक प्रयागराज एवं माननीय जिलाधिकारी, रामपुर के सन्देश का वाचन







किया गया। इस शुभ अवसर पर बोलते हुये प्राचार्य प्रो०(डा०) पी. के. वार्ष्णेय ने कहा कि हमारे संविधान को लागू हुये 70 वर्ष से अधिक का समय हो गया। इन 70 वर्षों में हमारे देश ने बहुत कुछ पाया है। हमारे देश की अनेक उपलब्धियाँ है लेकिन कुछ समस्यायें भी है। हमें उन समस्याओं से ऊपर उठना है।इस शुभ अवसर पर महाविद्यालय में श्रमदान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

### नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती (23 जनवरी 2021)

दिनांक 23 जनवरी 2021 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा




नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125 वीं जयन्ती मनाया गई। इस अवसर पर बोलते हुये प्राचार्य डा० पी. के. वार्ष्णेय ने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अग्रेंजों के खिलाफ लड़ने के लिए, उन्होंने जापान के सहयोग से **आजाद हिन्द फौज** का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया **'जय हिन्द'** का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बना गया हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी कार्यक्रम अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में छात्र/छात्राऐं उपस्थित रहें।

## सम्पादक की कलम से...



किसी भी संस्था के लिये न्यूज बुलेटिन उसका दर्पण होता है जिसमें वह स्वयं की छवि देखकर अपनी उपलब्धियाँ एवं खामियों का अवलोकन कर भविष्य की रूपरेखा तैयार करता है। इसमें कोई शक नहीं है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लागू होने के बाद अनेक चुनौतियाँ सामने आयी है लेकिन इनके बाबजूद महाविद्यालय, प्राचार्य जी के दिशा–निर्देशन में प्रगति के नये–नये शिखर छू रहा है। महाविद्यालय न केवल शिक्षण के क्षेत्र में बल्कि शिक्षणेत्तर गतिविधियों में भी अपना एक अहम मुकाम रखता है। गत जनवरी 2021से जून 2021 तक महाविद्यालय की गतिविधियों को अपने अन्दर समेटे हुये यह "न्यूज बुलेटिन" आपके हाथों में सौंपते हुये अत्यन्त गर्व और हर्ष से अभिभूत हूँ और साथ ही त्रुटियों के लिए क्षमा प्रार्थी भी हूँ। मैं सम्पादक मण्डल का हृदय से आभारी हूँ जिनका सहयोग मुझे निरन्तर मिलता रहा और विशेष रूप से डा० सीमा तेवतिया जी का जिन्होंने तकनीकी रूप से हमारा बहुत सहयोग किया है, साथ ही अपने महाविद्यालय परिवार के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने इस "न्यूज बुलेटिन" के प्रकाशन हेतु मुझे अपना सहयोग प्रदान किया।


**डॉ० अब्दुल लतीफ़**
प्रधान संपादक
**मो०: 9219258910**
**ई–मेल :** dr.abdullatif74@gmail.com


## पुस्तक मेला (दिनांक 10 अप्रैल 2021)





राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में दिनांक 10 अप्रैल 2021 को पुस्तक मेला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डा० पी. के. वार्ष्णेय ने किया। इस अवसर पर बोलते हुये उन्होंने कहा कि मनुष्य और समाज को बदलने का सबसे प्रमुख माध्यम साहित्य है। वर्तमान प्राचार्य डॉ० दीपा अग्रवाल ने कहा कि शब्द के साथ संवाद की बहुत आवश्यकता होती है क्योंकि जब शब्द से संवाद रूक जाता है तो हिंसा शुरु हो जाती हैं।

## वार्षिक क्रीड़ा समारोह (दिनांक 4 व 5 मार्च 2021)



राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में दिनांक 4 व 5 मार्च 2021 को महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन किया गया। क्रीड़ा समारोह के प्रथम दिन 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़ एवं भाला फेंक, लम्बी कूद, ऊँची कूँद, डिस्कस प्रक्षेप इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र/छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा० अमित भारद्वाज ने आकाश में गुब्बारें और कबूतर छोड़कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बाद में मुख्य अतिथि द्वारा मार्च पास्ट की सालामी ली।



मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को शपथ दिलायी। क्रीड़ा प्रभारी डा० मुजाहिद अली द्वारा प्रतिभागियों को दो दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिताओं की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन श्री सैय्यद अब्दुल वाहिद शाह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन क्रीड़ा प्रभारी डा० मुजाहिद अली ने किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर (दिनांक 9 मार्च से 15 मार्च 2021



राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 9 मार्च से 15 मार्च 2021 को सैजनी नानकार, अजयपुर एवं भुरजी की मड़ैया में संचालित किया गया। विशेष शिविर का मुख्य विषय था **'कौशल विकास हेतु युवा'**। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डा० पी. के. वार्ष्णेय ने दीप प्रज्वलित करके किया। सात दिनों तक चलने वाले इस विशेष शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य एवं सिद्धात, कौशल विकास हेतु युवा, नारा लेखन एवं चार्ट प्रतियोगिता, महिला सुरक्षा एवं जागरूकता हेतु सरकार की योजनाऐं एवं नवाचार एवं आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर आमंत्रित वक्ताओं द्वारा विस्तार से व्याखान दिये गये। इस क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं–सेवियों द्वारा चयनित ग्राम में श्रमदान/स्वच्छता जागरूकता रैली, चयनित ग्राम में यातायात सुरक्षा एवं जागरूकता रैली, चयनित ग्राम में महिला सुरक्षा/मिशन शक्ति जागरूकता रैली, साक्षरता सर्वेक्षण एवं जागरूकता रैली, पर्यावरण जागरूकता रैली एवं रक्तदान शिविर का आयोजन बड़े पैमाने पर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा० राजकुमार, डा० वी. के. राय, डा० ब्रह्म सिंह और डा० निधि गुप्ता ने सात दिनों तक शिविर का सफलता पूर्वक संचालन किया।






राष्ट्रीय सेवा योजना


राष्ट्रीय सेवा योजना

## राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन (दिनांक 20 मार्च 2021)




दिनांक 20 मार्च 2021 को महाविद्यालय में **"उच्च शिक्षा में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में इसके परिणाम"** विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० के. पी. सिंह ने दीप प्रज्जवलित करके किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० पी. के. वार्ष्णेय ने स्मृति चिन्ह एवं बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर बोलते हुये मुख्य अतिथि प्रो० के.पी. सिंह ने कहा इस नीति का उद्देश्य एक ऐसी शिक्षा प्रणाली को तैयार करना है जो भारत के सभी बच्चों को लाभविन्त करें। इसका लक्ष्य "भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य उस शिक्षण संस्थानों की नई गुणवत्ता को स्थापित करना हैं जो वैश्विक मानकों के अनुरूप होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ एवं प्रतिभागी उपस्थित रहें।







## रोवर्स–रेंजर्स शिविर (दिनांक 1 – 3 मार्च 2021)




उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाईड के तत्वावधान में महाविद्यालय में रोवर्स/रेंजर्स त्रिदिवसीय शिविर का आयोजन दिनाँक 01, 02 एवं 3 मार्च 2021 को महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं रोवर्स/रेंजर्स प्रभारियों के कुशल निर्देशन में रोवर लीडर डॉ० आर० के० सागर एवं रेंजर्स लीडर डॉ० रेनू भविष्य की पीढ़ी को सजों रहे हैं। सत्र 2020–21 में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाईड के तत्वाधान में आयोजित मार्च पास्ट, अतिथि माल्यार्पण बैज अलंकरण, स्मृति चिन्ह प्रतियोगिता, टेन्ट, पुल, पेपर–वेट, पाक–कला आदि प्रतियोगिताओं के आधार पर सर्वश्रेष्ठ रोवर एवं रेंजर का चयन किया गया। सर्वश्रेष्ठ रोवर एवं रेंजर बनने का गौरव निम्न छात्र/छात्रा को हासिल हुआ।

1 – अमित दिवाकर – सर्वश्रेष्ठ रोवर 2 – सुधा सैनी – सर्वश्रेष्ठ रेंजर

## छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के टिप्स (7 अप्रैल 2021)



**छात्राओं को दिये आत्मनिर्भर बनने के टिप्स**

रज़ा पीजी कालेज में विधिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श शीर्षक पर कार्यक्रम का आयोजन



राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्राओं को विधिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श शीर्षक पर काय्रक्रम का आयोजन किया। मनोविज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ० अजीता रानी ने कहा कि आज स्त्रियाँ किसी भी कार्य को करने में सक्षम है। वह हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। डा० मीनाक्षी गुप्ता ने कहा छात्राओं को मानसिक रूप से मजबूत होना चाहिए और अगर वो किसी भी तरह से प्रताडित और परेशान की जाती है तो इसके विरूद्ध आवाज उठायें। महाविद्यालय के प्राचार्य डा० पी. के. वार्ष्णेय ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान महिलाओं तथा बालिकाओं को जागरूक कर सामाजिक व मनोवैज्ञानिक दृष्टि से मजबूत बनाने के लिये है।

## अन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन समिति (IQAC) की बैठक

दिनांक 30 जनवरी 2021 को महाविद्यालय की अन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डा० पी. के वार्ष्णेय द्वारा की गई। बैठक में समिति के समस्त सम्मानित सदस्यों के द्वारा विचार विमर्श कर महाविद्यालय के लिये भविष्य का एजेंडा तैयार किया गया। जिसके अन्तर्गत पूर्व बैठक में लिये गये निर्णय पर विचार हुआ साथ ही महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों, प्रवेश प्रक्रिया, संस्थान के विकास हेतु योजना, नैक तैयार की प्रगति रिपोर्ट एवं विभिन्न नवीन विषयों एवं व्यावसयिक पाठ्यक्रमों की शुरुआत तथा महाविद्यालय में शिक्षण एवं शिक्षणोत्तर गतिविधियों पर विचार किया गया। इस अवसर पर आई.क्यू.ए.सी. के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहें। बैठक के अन्त में आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डा० सीमा तेवतिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## वार्षिकोत्सव एवं अलंकरण समारोह (25 मार्च 2021)







दिनांक 25 मार्च 2021 को महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। नगर के प्रतिष्ठित राजकीय रज़ा महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में छात्र/छात्राओं ने अपने प्रतिभा और मंच का भरपूर उपयोग कर देश के विभिन्न राज्यों की विशिष्ट नृत्य कलाओं से दर्शकों को भावभिवोर कर दिया। कार्यक्रम में बैतोर मुख्य अतिथि की हैसियत से शामिल हुये श्री गौरव कुमार (ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, रामपुर) एवं प्राचार्य डॉ० पी. के. वार्ष्णेय ने सुंयक्त रूप से माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जलित कर वार्षिकोत्सव का शुभांरम्भ किया। इसके बाद स्वागत गीत में छात्राओं ने तरह–तरह के परिधानों में सजकर विभिन्न सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर महाविद्यालय की वार्षिक आख्या भी प्रस्तुत की गई साथ ही मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्री गौरव कुमार ने महाविद्यालय के टॉपर छात्र/छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।








## युवा महोत्सव 'उमंग' दिनांक (9 – 11 फरवरी 2021)

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा महोत्सव 'उमंग' का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा० पी. के. वार्ष्णेय ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का स्वागत करते हुये कहा कि कोविड–19 के दिशा निर्देश का अनुपालन करते हुये युवा महोत्सव का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि सी.डी.ओ. सुश्री गजल भारद्वाज ने अपने सम्बोधन में कहा कि आपके सांस्कृतिक कार्यक्रम जीवन में बहुत कुछ पाने की प्रेरणा देता है इससे हमको बहुत बहुरंगी ऊर्जा मिलती है। विशिष्ट अतिथि महिला महाविद्यालय, रामपुर के प्राचार्य डा० अतुल शर्मा ने कहा कि आज हम कोरोना महामारी के वातावरण से निकल कर आगे जा रहे है। पुराना वक्त जो गुजरा उसमें कुछ बुराई अवश्य थी लेकिन मानव को उसमें कुछ अवसर भी मिलें। युवा महोत्सव में फैन्स ड्रेस प्रतियोतिगता में अभिषेक चौहान, आसिफ सैफी, फौजिया ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। बुके निर्माण प्रतियोगिता में टियूलिप ग्रपु मेहरीन प्रथम, पापी ग्रुप मरियम द्वितीय एवं मुस्कान ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल गान प्रतियोगिता में आसिफ सैफी प्रथम, उलजला द्वितीय एवं हरिराम यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्राफी एवं प्रमाणप्रत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।



**युवा महोत्सव उमंग का धूमधाम से हुआ समापन समारोह का आयोजन**

रामपुर एक टैलेंट हब है और इस टैलेंट को निखारने का कार्य रजा कॉलेज बखूबी कर रहा है : गजल भारद्वाज

संवाददाता अमर आनंद

रामपुर (मुजाहिद खान)। राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा महोत्सव 'उमंग' का समापन समारोह बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया।जिसमें अनेक रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0पी के वार्ष्णेय ने मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि,कोविड–19 के दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीडीओ गजल भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि,आपके सांस्कृतिक कार्यक्रम जीवन में बहुत कुछ पाने की प्रेरणा देता है। इससे हमको बहुत बहुरंगी ऊर्जा मिलती है।स्कूल और कॉलेजों में जो सामाजिक अंतर्संबंध बनते हैं,उससे हमें जीवन के विभिन्न मुद्दों को सुलझाने में बहुत मदद मिलती है।रामपुर एक टैलेंट हब है और इस टैलेंट को निखारने का कार्य रजा कॉलेज बखूबी कर रहा है।इसलिए ज्यादा से ज्यादा छात्र छात्राएं,उमंग महोत्सव के इस मंच पर आएं।

विशिष्ट अतिथि डॉ0 अतुल कुमार शर्मा,प्राचार्य राजकीय महिला महाविद्यालय ने अपने संबोधन में कहा कि,आज हम कोरोना महामारी के वातावरण से निकलकर आगे जा रहे हैं।पुराना वक्त जो गुजरा उसमें कुछ बुराई अवश्य थी लेकिन मानव को उसमें कुछ अवसर भी मिले।इसलिए सभी छात्र छात्राएं अतीत को भूल कर अपने भविष्य को स्वर्णिम बनाने का प्रयास करें।यह उमंग महोत्सव भी छात्र छात्राओं के लिए सुनहरा मंच प्रदान करता है।जिससे छात्र छात्राओं की प्रतिभा एवं व्यक्तित्व में निखार आता है। इस मंच में छात्र–छात्राएं न केवल शैक्षणिक बल्कि गायन, भाषण, चित्रकला, भित्ति कला, लेखन, अभिनय इत्यादि क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त करते हैं। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में अभिषेक चौहान, आसिफ सैफी एवं फौजिया ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। बुके निर्माण प्रतियोगिता में ट्यूलिप ग्रुप मेहरीन प्रथम,पापी ग्रुप मरियम द्वितीय एवं ऑर्किड ग्रुप मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।एकल गायन में आसिफ सैफी प्रथम, उलजला द्वितीय एवं हरिराम यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्राफी एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रामवीर, थाना प्रभारी, मुख्य शास्ता, डॉ विनीता सिंह, डॉ एस एस यादव,डॉ सहदेव एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

इसके अलावा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत 'संयुक्त परिवार की महिला सशक्तिकरण में भूमिका' विषय पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें स्वागत उद्बोधन डॉ अरुणकुमार द्वारा किया गया एवं मुख्य वक्ता के रूप डॉ प्रदीप कुमार ने विचार प्रस्तुत किये। डॉ सोमिन्दर सिंह ने मंच संचालन किया एवं डॉ माणिक रस्तोगी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर डॉ जहांगीर अहमद एवं डॉ अमित अग्रवाल मौजूद रहे।








**संरक्षक**
**डॉ० पी० के० वार्ष्णेय**
**प्राचार्य**

**प्रधान सम्पादक**
**डॉ० अब्दुल लतीफ़**

**सम्पादक मण्डल**
**डॉ० ज़ेबी नाज़, डॉ० राजकुमार, डॉ० उपदेश छिम्बाल**
**डॉ० इरम नईम, डॉ साक्षी त्यागी, डॉ० प्रशान्त द्विवेदी**



शंकर प्रेस, रामपुर मो0:9412251355